भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 10.12.2025

आरेडिका में विशेष बाल मानसिक स्वास्थ्य एवं विकास मूल्यांकन कैंप का आयोजन

आरेडिका चिकित्सालय एवं ग्लोब हेल्थ रिहेब सेंटर रायबरेली से आए चिकित्सकों द्वारा विशेष बाल मानसिक स्वास्थ्य एवं विकास मूल्यांकन कैंप का आयोजन किया गया था । इस कैंप का उद्देश्य उन विशेष बच्चों का मूल्यांकन करना था, जिन्हें बोलने, सुनने, व्यवहार या विकास संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है ।

स्पीच डिले, आइ कॉन्टैक्ट की कमी, संवाद में कठिनाई [Autism] ADHD आदि स्थितियों से जुड़े तथा व्यवहार संबंधी समस्याओं वाले अनेक बच्चों का विशेषज्ञ द्वारा आकलन किया गया। अभिभावकों को बच्चों के विकास और व्यवहार प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ एवं घर पर अपनाए जा सकने वाले अभ्यास स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, बिहेवियर थेरेपी तथा विशेष शिक्षा से संबंधित उच्चस्तरीय परामर्श दिया गया । कैंप में बड़ी संख्या में अभिभावकों के साथ विभिन्न आयु वर्ग के कुल 45 बच्चों के साथ शामिल हुए, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विस्तृत परीक्षण किया गया ।

कैंप के आयोजन से अभिभावकों में जागरूकता बढ़ी तथा आरेडिका परिवार के लोगों को अपने बच्चों की विकास संबंधी स्थिति का सही मूल्यांकन प्राप्त हुआ ।

(आर.एन.तिवारी) 10.12.2025
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी